हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 11 जुलाई 2026
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

# कांग्रेसियों ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर, ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में शुक्रवार को कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार द्वारा केंद्रीय एवं राज्य की विभिन्न जांच व प्रशासनिक एजेंसियों का दुरुपयोग कर कांग्रेस पार्टी की छवि धूमिल करने, वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं को लगातार प्रताड़ति करने के विरोध में भाजपा सरकार के खिलाफ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया। इस दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में जांच एजेंसियों का निष्पक्ष उपयोग होना चाहिए, न कि राजनीतिक ▶▶|शेष पेज 10 पर




## प्रदेशस्तर पर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी

पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि भाजपा सरकार जांच एजेंसियों को एक राजनैतिक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रही है, जिसका एकमात्र मकसद कांग्रेस पार्टी की छवि को धूमिल करना और हमारे वरिष्ठ नेताओं व जमीनी कार्यकतार्ओं को मानसिक व प्रशासनिक रूप से प्रताड़ति करना है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, लेकिन वर्तमान सरकार पूरी तरह से तानाशाही पर उतारू हो चुकी है। कांग्रेस पार्टी भाजपा के इस दमनचक्र और गीदड़ भभकियों से डरने वाली नहीं है। जनहित और विपक्ष की आवाज को सड़क से लेकर सदन तक बुलंद रखा जाएगा। यदि विपक्ष के नेताओं के खिलाफ राजनैतिक द्वेषपूर्वक की जा रही कार्रवाई तुरंत बंद नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी पूरे संभाग और प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## 3 अगस्त से होंगे विभागीय परीक्षाएं

जगदलपुर। राज्य शासन द्वारा आगामी माह अगस्त 2026 की विभागीय परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने बताया कि संभाग के अन्तर्गत विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों हेतु उक्त विभागीय परीक्षाएं 3 अगस्त से 10 अगस्त तक आयोजित की जाएंगी। विगत वर्षों की तरह इस बार भी इस परीक्षा के लिए शासकीय दन्तेश्वरी कन्या महाविद्यालय जगदलपुर को परीक्षा केंद्र नामांकित किया गया है। संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य को परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था और अन्य आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।












## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने अस्पताल का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला चिकित्सालय परिसर स्थित मातृ–शिशु चिकित्सालय का निरीक्षण कर नवजात एवं मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने एसएनसीयू का अवलोकन करते हुए नवजात शिशुओं के बेहतर उपचार हेतु आधुनिक सुविधाओं एवं तकनीकों के विस्तार पर जोर दिया और उन्नयन के लिए शीघ्र कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण कर भर्ती बच्चों की माताओं से उनके स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी ली। उन्होंने माताओं से बच्चों के समुचित पोषण एवं पूर्ण स्वास्थ्य लाभ के लिए निर्धारित अवधि तक केंद्र में रहने तथा चिकित्सकों की सलाह का पालन करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मातृ–शिशु चिकित्सालय में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष का भी जायजा लिया और संबंधित एजेंसी को 20 जुलाई तक सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. पी.एल. मण्डावी सहित विभागीय अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित रहे।

### टाटामारी गौधाम का संचालन शांति फाउंडेशन को सौंपने का निर्णय



**केशकाल।** गौधाम समिति की महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय पशु चिकित्सालय में सम्पन्न हुई। बैठक में गौवंश संरक्षण, निराश्रित गोवंश के समुचित रखरखाव तथा गौधाम के बेहतर संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से टाटामारी स्थित गौधाम का संचालन शांति फाउंडेशन द्वारा किए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही गौधाम में चारा, पेयजल, पशु चिकित्सा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। समिति के सदस्यों ने गौसंरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ते हुए गौधाम के प्रभावी संचालन पर बल दिया। गौवंश संरक्षण के कार्यों को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में जिला गौ आयोग समिति के सदस्य ईश्वर बैस, ब्लॉक अध्यक्ष भवसागर बघेल, याद प्रसाद सिन्हा, नारायण पाण्डेय, रामेश्वर उसेड़ी, डॉ. चार्ली पोर्ते, डॉ. कस्तूरी प्रधान एवं गिरिजा शंकर सहित समिति के सदस्य तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### अवैध वसूली करने वाले दो गिरफ्तार



**कोण्डागांव।** पुलिस ने पत्रकारिता की आड़ लेकर लोगों को भयभीत कर कथित अवैध वसूली करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक कार सीजी 17 एलसी 6661, एक मोबाइल फोन एवं 30 हजार नकद सहित कुल 6 लाख 40 हजार रुपए मूल्य की संपत्ति जब्त की गई है।

पुलिस के अनुसार जामपदर पारा निवासी तिमिर प्रकाश पटेल शिकायत दर्ज कराई गई थी कि दो व्यक्ति स्वयं को पत्रकार बताकर उनकी बीज भंडार दुकान पर पहुंचे। दुकान की फोटो एवं वीडियो बनाकर समाचार प्रकाशित करने, बदनाम करने तथा जेल भिजवाने की धमकी देते हुए 30 हजार रुपये की वसूली की है। मामले में कार्तिकेश्वर कश्यप उम्र 43 वर्ष निवासी मावलीगुड़ा, थाना बस्तर एवं विशाल सोनी उम्र 29 वर्ष निवासी करेकोटपारा, पण्डरीपानी थाना परपा जिला बस्तर को गिरफ्तार किया है।

# वाग्धारा जीवन गौरव सम्मान से सम्मानित हुए कोंडागांव के डॉ. त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

साहित्य, संस्कृति और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में चार दशकों से कार्यरत संस्था वाग्धारा एवं राष्ट्रीय समाचार नेटवर्क भारत एक्सप्रेस के संयुक्त तत्वावधान में मुंबई के अंधेरी स्थित मुक्ति ऑडिटोरियम में आयोजित वाग्धारा सम्मान समारोह–2026 का आयोजन किया गया। समारोह बस्तर के प्रख्यात जैविक कृषि विशेषज्ञ, पर्यावरणविद् एवं मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के संस्थापक डॉ. राजाराम त्रिपाठी को संस्था के सर्वोच्च सम्मान वाग्धारा जीवन गौरव सम्मान–2026 से अलंकृत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि तेलंगाना के राज्यपाल महामहिम शिव प्रताप शुक्ल ने उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद शर्मा राही एवं रवि यादव ने संयुक्त रूप से किया।

## किसानों को बचाना है तो खेती को लाभकारी बनाना होगा: राजाराम

### राज्यपाल ने मंच से किया कोंडागांव आने का ऐलान

डॉ. त्रिपाठी ने अपने संबोधन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल सहित सभी अतिथियों को कोंडागांव स्थित मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म एवं अनुसंधान केंद्र का दौरा करने का निमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि वहां कम लागत में अधिक आय देने वाले प्राकृतिक एवं जैविक खेती के सफल मॉडल विकसित किए गए हैं। राज्यपाल कहा कि किसानों और खेती को लेकर व्यक्त की गई चिंता पूरी तरह उचित है। उन्होंने मंच से घोषणा की कि वे शीघ्र ही कोंडागांव स्थित मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म का दौरा करेंगे और वहां विकसित कृषि मॉडलों का प्रत्यक्ष अवलोकन करेंगे।




### प्राकृतिक खेती और जनजातीय विकास में योगदान के लिए मिला सम्मान

डॉ. राजाराम त्रिपाठी को प्राकृतिक एवं जैविक खेती, कृषि नवाचार, किसानों की आय वृद्धि, जनजातीय सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लंबे समय से किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में वरिष्ठ अभिनेता रजा मुराद और सचिन खेडेकर को श्वाग्धारा नवरत्न सम्मान प्रदान किया गया। इसके अलावा पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ विनीत अभिषेक, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. धनंजय बोस, डॉ. नामदेव गोडा, शिवगुरुन शुक्ल, डॉ. आलोक सोनी, पूर्व न्यायाधीश स्वाति चौहान तथा डॉ. स्मृति त्रिपाठी को भी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### खेती को लाभकारी बनाने की उठाई आवाज

*सम्मान ग्रहण करने के बाद अपने संबोधन में डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने देश की कृषि व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज खेती लगातार घाटे का सौदा बनती जा रही है, जिसके कारण युवा खेती से दूर हो रहे है। देश का अन्न उत्पादन मुख्यतः बुजुर्ग किसान संभाल रहे हैं। देश हर वर्ष लगभग तीन लाख करोड़ रुपये मूल्य के खाद्य तेल, दालें, मसाले और मेवे विदेशों से आयात कर रहा है। यदि समय रहते खेती को लाभकारी नहीं बनाया गया तो भविष्य में देश को खाद्यान्न के लिए भी आयात पर निर्भर होना पड़ सकता है।*

## पुलिया और सीसी सड़क निर्माण से ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर संपर्क सुविधा

# वनमंत्री ने ग्राम चेमा में 54 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



वन मंत्री केदार कश्यप ने मर्दापाल क्षेत्र के ग्राम चेमा में लगभग 54 लाख रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति शासन की प्रतिबद्धता दोहराई।

> ■ बस्तर के दूरस्थ क्षेत्रों में विकास को मिल रही नई गति : कश्यप

वन मंत्री ने कहा कि माओवाद के प्रभाव में कमी आने के बाद बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्यों में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि सरकार गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

**महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित:** कार्यक्रम के दौरान वन मंत्री ने स्व–सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा की और उन्हें पशुपालन, मत्स्य पालन तथा अन्य आजीविका आधारित गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। भूमिपूजन किए गए कार्यों में विभिन्न स्थानों पर पुलिया निर्माण तथा करागुडरा पारा से हसलननार मुख्य मार्ग तक सीसी सड़क निर्माण शामिल है। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीणों को वर्षभर सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

**जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की रही सहभागिता :** कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, जनपद सदस्य श्रीमती रमशीला कोर्राम, सरपंच खेम सोरी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मिशन कटहल का किया शुभारंभ

ग्राम गोलावंड स्थित संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर 'मिशन कटहल' का शुभारंभ किया। वन मंत्री ने हितग्राही बालकृष्ण यादव एवं रैनु बघेल की बाड़ी में कटहल के पौधे रोपे तथा किसानों को ग्राफ्टेड कटहल के पौधे वितरित किए। योजना के तहत किसानों को निःशुल्क पौधे देकर व्यावसायिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 200 फलदार पौधों का सामूहिक रोपण किया गया। वन मंत्री ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। अपने संबोधन में श्री कश्यप ने कहा कि वन प्राकृतिक धरोहर हैं और उनका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने तथा रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से बचने की अपील की। वनमंडल कोंडागांव में 1 जुलाई से वन महोत्सव–2026 के अंतर्गत सभी वन परिक्षेत्रें में निःशुल्क पौधा वितरण एवं पौधरोपण अभियान संचालित किया जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रें में प्राकृतिक पुनरुत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बीज छिड़काव और आयवर्धक पौधों का रोपण भी किया जा रहा है। वनमंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह ने नागरिकों से निःशुल्क पौधा वितरण केंद्रों से पौधे लेकर एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने, वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा करने तथा अतिक्रमण से बचने की अपील की। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनिता कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य, बीएसएफ के कमांडेंट, जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# विधायक लता ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखंड के ग्राम पंचायत बम्हनी में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर स्वागत किया तथा उन्हें नए शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुश्री लता उसेंडी ने विद्यार्थियों को अनुशासन, ईमानदारी और लगन के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय जीवन ही उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। इस अवसर पर उन्होंने 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश वितरित किए गए। वहीं सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं की छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं। इसके अलावा तीन दिव्यांग विद्यार्थियों को व्हीलचेयर उपलब्ध कराकर समावेशी शिक्षा को बढ़ावा दिया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर तथा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेंद्र सिंह ठाकुर ने अभिभावकों से बच्चों, विशेषकर बालिकाओं की नियमित शिक्षा सुनिश्चित करने तथा शासन की विभिन्न छात्रहितैषी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामदई प्रेम सिंह नाग, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, खंड शिक्षा अधिकारी जगमोहन भोयर, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उत्तम महोबिया सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी, अभिभावक, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# वन महोत्सव में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

वन महोत्सव 2026 के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिपावंड में आयोजित कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव गायत्री साय ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग द्वारा किया गया।

विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सचिव सुश्री गायत्री साय ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन, जैव विविधता और मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के महत्व की जानकारी दी गई। सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए पौधों की देखभाल का संकल्प लिया।



**वन विभाग के सहयोग से हुआ आयोजन** – कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी–कर्मचारी, प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने इस प्रेरणादायी पहल के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं वन विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

# तेजस स्टार्टअप कार्यशाला में युवाओं को उद्यमिता की मिली नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शहर के ऑडिटोरियम में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा आयोजित तेजस स्टार्टअप कार्यशाला में उद्यमियों, विद्यार्थियों और युवाओं को स्टार्टअप पंजीयन, वित्तीय सहायता, व्यवसाय विस्तार एवं नवाचार आधारित उद्यम स्थापित करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने अपने स्टार्टअप आइडिया भी साझा किए।

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि शासन युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहा है। उन्होंने युवाओं से अपनी प्रतिभा और कौशल को पहचानकर उसे सफल उद्यम में बदलने तथा सोशल मीडिया का उपयोग कर व्यवसाय को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

**सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने मार्गदर्शन** – कार्यशाला में स्टार्टअप विशेषज्ञों एवं उद्योग विभाग के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं, फंडिंग, व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास के अवसरों की जानकारी देते हुए युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।




**जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की रही सहभागिता** – कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, श्रीमती यशोदा कश्यप, प्रेम सिंह नाग, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, महाप्रबंधक हिमालय सेठिया सहित विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# सिरहा-गुनिया बैगा सम्मेलन में स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत सेक्टर कोनगुड में सिरहा-गुनिया बैगा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्योतिर्मय प्रभावती, बीपीएम चेतन चौहान, खंड प्रशिक्षण एवं विस्तार अधिकारी मन्नूराम बघेल, आरएएम सुदर्शन नाथ जोगी, मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर बलराम नेताम, सुपरवाइजर सुरेन्द्र कुमार कश्यप, टीबी सुपरवाइजर विजय शोरी, आरएचओ भागीरथी कनियारी, एमटी जोगेश्वर जैन सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सम्मेलन में कोंगुड सेक्टर के सिरहा, गुनिया, बैगा एवं माता पुजारियों ने भाग लिया।

> ■ मलेरिया व टीबी से बचाव पर दिया प्रशिक्षण



कार्यक्रम का शुभारंभ मां दंतेश्वरी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं सेवा अर्जी के साथ किया गया। इसके बाद सभी पारंपरिक वैद्यों का तिलक एवं पुष्प से स्वागत किया गया। सम्मेलन में स्वास्थ्य अधिकारियों ने मलेरिया, टीबी एवं अन्य मौसमी बीमारियों की पहचान, रोकथाम और समय पर जांच व उपचार की जानकारी दी। बुखार आने पर तत्काल रक्त जांच कराने, मच्छरदानी का नियमित उपयोग, स्वच्छता बनाए रखने, जल जमाव रोकने तथा गंभीर लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की अपील की गई। साथ ही पारंपरिक वैद्यों से समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने और लोगों को समय पर उपचार के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया।

**सिरहा, गुनिया, बैगा व माता पुजारियों का सम्मान:** कार्यक्रम के अंत में सभी सिरहा, गुनिया, बैगा एवं माता पुजारियों का श्रीफल और गमछा भेंट कर सम्मान किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य पारंपरिक वैद्यों के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं और जनजागरूकता को और अधिक प्रभावी बनाना रहा।

# चार मेधावी विद्यार्थियों को मिली छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को पुलिस ट्रेनिंग स्कूल परिसर में क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड एवं क्रेडिट एक्सेस इंडिया फाउंडेशन द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत 'ग्रामीण विद्या स्कॉलरशिप' वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी चार छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में वर्षा बैध (ग्राम कोटपाड़), रिचा नंदी (फरसगांव), तमबती मौर्य (ग्राम पोलेबेड़ा, जैबेल, बस्तर) तथा नीतू कश्यप (ग्राम पोलेबेड़ा, जैबेल, बस्तर) शामिल हैं। अतिथियों से सम्मान प्राप्त करते समय विद्यार्थियों के साथ उपस्थित उनके अभिभावकों की खुशी भी देखते ही बन रही थी। पुलिस विभाग की ओर से भी सभी चयनित विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप विशेष उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसी पहल ग्रामीण प्रतिभाओं के सपनों को नई उड़ान देती है। क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड के रीजनल मैनेजर प्रसन्ना मार्था एवं लायजन ऑफिसर भारत भूषण शर्मा ने बताया कि संस्था वित्तीय समावेशन के साथ-साथ शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में भी सीएसआर के माध्यम से लगातार कार्य कर रही है। भविष्य में भी जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एरिया मैनेजर दीपक शहारे एवं ब्रांच मैनेजर ताम्रजध्वज उइके की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा, आईपीएस रूपेश कुमार अण्डे, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय स्निग्धा सिंह सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं अन्य अतिथि उपस्थित रहे।



पेज 9 का शेष...

### कांग्रेसियों ने किया....

प्रतिशोध के लिए ईडी, आईटी और राज्य की प्रशासनिक एजेंसियों को अपना हथियार बनाकर कांग्रेस नेताओं को डराने की कोशिश कर रही है। पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। पार्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, पूर्व सभापति कविता साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, चम्पा ठाकुर, कोमल सेना, रविशंकर तिवारी, लाखेश, महामंत्री सुभाष गुलाटी, विजय सिंह, अल्ताफ उल्ला खान, सुषमा सुता, अनुराग महतो, नीतीश शर्मा, महेश द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव, संतोष सेठिया, सूयार्पाणि, युकां अध्यक्ष निकेत राज झा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष दयाराम कश्यप, संजय पाणिग्रही, लखेश्वर कश्यप, अल्पसंख्यक अध्यक्ष रोजविन दास, व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेंद्र पटवा, ललिता राव, महेश ठाकुर दिव्यांग प्रकोष्ठ अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सैन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सैन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**बीजापुर।** केंद्रीय विद्यालय बीजापुर में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत वन महोत्सव एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर विश्वदीप रहे। उनके विद्यालय आगमन पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के कब एवं बुलबुल विद्यार्थियों ने पारंपरिक एवं हर्षोल्लासपूर्ण स्वागत किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य पुष्प ध्वज नायक, दशरथ बाड़मेरा, दीक्षा साहू सहित विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर विश्वदीप ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधे लगाए और सभी को प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने भी पूरे उत्साह के साथ पौधरोपण अभियान में भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## बच्चों ने बनाए सीड बॉल



**भोंड।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए बस्तर विकासखंड के संकुल केंद्र लामकेर स्थित माध्यमिक शाला लामकेर के छात्र-छात्राओं ने मिशन लाइफ फॉर इको क्लब के अंतर्गत एक प्रेरणादायक अभियान शुरू किया है। विद्यालय के बच्चे स्वयं सीड बॉल (बीज गेंद) तैयार कर हरियाली बढ़ाने का अनूठा प्रयास कर रहे हैं। विद्यालय प्रारंभ होने के साथ ही विद्यार्थी शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिदिन मिट्टी और गोबर की खाद से सीड बॉल तैयार करते हैं।

# अनियमितता के आरोप में पंचायत सहायक ग्रेड-2 निलंबित

**विष्णुदेव सरकार की 'ज़ीरो टॉलरेंस' नीति का असर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा भ्रष्टाचार और शासकीय कार्यों में लापरवाही के खिलाफ अपनाई गई जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सुकमा जिले में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुंद ठाकर ने जनपद पंचायत कोंटा में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 चंद्रशेखर चंद्राकर को गंभीर अनियमितताओं और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार जिला पंचायत की सामान्य सभा में जनप्रतिनिधियों ने संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध गंभीर शिकायतें दर्ज कराई थीं। जांच में सामने आया कि कर्मचारी का स्थानांतरण जनपद पंचायत कोंटा किया जा चुका था, लेकिन उन्होंने नए पदस्थापना स्थल पर समय पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया। इसके बावजूद पुराने कार्यालय में कार्य करते रहे, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित हुई।



### चेक के बदले मांगा कैश

जिला पंचायत के द्वारा जारी निलंबन आदेश में कहा गया कि संबंधित कर्मचारी ने लगभग 17.50 लाख रुपये का भुगतान चेक जारी करने के लिए राशि की मांग की, जिसकी शिकायत मिलने के बाद भी उनके कार्य व्यवहार में सुधार नहीं हुआ। साथ ही स्थानांतरण निरस्त करने का प्रस्ताव बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के प्रस्तुत करने और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने जैसे आरोप भी लगाए गए हैं।

### निलंबन की कार्रवाई

आरोपों को गंभीर मानते हुए जिला पंचायत प्रशासन ने छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियमों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की है। निलंबन अवधि में कर्मचारी का मुख्यालय जिला पंचायत सुकमा निर्धारित किया गया है तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

## नवनियुक्त जनपद सीईओ ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



नवनियुक्त जनपद सीईओ मुन्ना कश्यप ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष मानकदई कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे एवं ग्राम पंचायत के सचिवों ने भी सीईओ का स्वागत किया। जनप्रतिनिधियों ने नए सीईओ से क्षेत्रीय विकास कार्यों की प्रगति, पारदर्शिता और कार्यों की गति बढ़ाने की अपेक्षा व्यक्त की। सीईओ मुन्ना कश्यप ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि जनपद क्षेत्र में सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करना और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से सहयोग की भी अपेक्षा जताई। पदभार में स्थानीय अधिकारी और कर्मचारी एवं सुरेश सिंह उपस्थित रहे।

नपा द्वारा एक और सामुदायिक भवन का दुरुपयोग करने की थी तैयारी

# सामुदायिक भवन को आवारा कुत्तों का बसेरा बनाने पर फिलहाल रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

नगरपालिका सुकमा एक बार फिर से चर्चा में है। प्रभारी मंत्री निधि से बंगाली समाज के लिए निर्मित सामुदायिक भवन में अब शहर के आवारा कुत्तों का आशियाना बनाया जा रहा था। इस हेतु उक्त वार्ड की पार्षद से भी सहमति नहीं ली गई थी लेकिन चौतरफा दबाव के कारण फिलहाल इस पर विराम लगने की खबर है।

- नगरपालिका के फैसले पर समाज में आक्रोश

नगर पालिका परिषद सुकमा द्वारा वार्ड क्रमांक 13 स्थित बंगाली समाज के सामुदायिक भवन में पशु जन्म नियंत्रण एबीसी सेंटर संचालित करने की तैयारी ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। भवन के बाहर लगाए गए बोर्ड से स्पष्ट है कि यहां एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर स्थापित किया जा रहा है। इस फैसले को लेकर बंगाली समाज और स्थानीय नागरिकों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। केंद्र और राज्य सरकार ने सभी जिलों में आवारा कुत्तों की नसबंदी, एंटी-रेबीज टीकाकरण और उपचार के लिए अलग से पशु जन्म नियंत्रण एबीसी सेंटर स्थापित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि बढ़ती आवारा कुत्तों की समस्या पर नियंत्रण पाया जा सके। लेकिन सुकमा नगर पालिका ने इसके लिए बंगाली समाज के सामुदायिक भवन का चयन कर दिया, जिससे सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही थी। स्थानीय लोगों ने नपा पर आरोप लगाया है कि यह पहली बार नहीं है जब वार्ड क्रमांक 13 के किसी सामुदायिक भवन को दीगर कार्य में उपयोग में लिया हो, इससे पूर्व में भी इसी तरह का कृत्य नपा द्वारा किया गया था। नपा द्वारा दूसरी बार सामुदायिक भवन का मूल उद्देश्य बदला गया है। इससे पहले भी एक इसी तरह के भवन को बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा के लिए किराए पर दे दिया गया था। उस समय भी वार्ड पार्षद और स्थानीय नागरिकों से कोई सहमति नहीं ली गई थी।

**पहले भी एक भवन को दे दिया किराए पर**




### नहीं ली गई थी सहमति : पार्षद



इस मामले में वार्ड पार्षद कांता राठी ने कहा कि जिस भवन में आवारा कुत्तों को रखने की तैयारी है उस हेतु किसी भी तरह की सहमति नही ली गई है। चूंकि उक्त भवन सामाजिक कार्यों के उपयोग हेतु है ऐसे में दीगर कार्य के लिए उपयोग करना गलत होगा।

### फिलहाल के लिए रोक : सीएमओ

इस गंभीर मामले में नपा के सीएमओ विनीत साव ने कहा कि फिलहाल आगे की कार्रवाई रोक दी गई है। हालांकि इसके बदले नया भवन समाज देने की योजना थी।

### दूसरे विकल्पों पर हो विचार

स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन पर मनमाने ढंग से निर्णय लेने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि पशु जन्म नियंत्रण केंद्र की आवश्यकता है तो उसके लिए अलग भवन या उपयुक्त स्थान का चयन किया जाना चाहिए, न कि समाज विशेष के सामुदायिक भवन पर कब्जा किया जाए। अब नागरिकों और बंगाली समाज ने इस निर्णय को वापस लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि नगर पालिका ने जल्द फैसला नहीं बदला तो लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

### सवाल जो नपा से है

क्या सामुदायिक भवनों का उपयोग उनकी मूल उपयोगिता से हटाकर किया जा सकता है, वार्ड पार्षद और स्थानीय नागरिकों से बिना सहमति लिए निर्णय क्यों लिया गया, नगर पालिका के पास एबीसी सेंटर के लिए कोई वैकल्पिक भवन या भूमि उपलब्ध नहीं थी।

### भवन का मूल उद्देश्य हो जाएगा समाप्त

अब फिर बिना जनप्रतिनिधियों और समाज के लोगों की राय लिए भवन को पशु जन्म नियंत्रण केंद्र के रूप में उपयोग करने का निर्णय लिया गया है। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि सामुदायिक भवन समाज के धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए बनाया गया था। यदि यहां आवारा कुत्तों की नसबंदी और देखभाल का केंद्र संचालित होगा तो लोगों की आवाजाही प्रभावित होगी और भवन का मूल उद्देश्य समाप्त हो जाएगा।

## खंड शिक्षा अधिकारी ने ग्रहण की शालेय शिक्षक संघ की सदस्यता



**गीदम।** शालेय शिक्षक संघ जिला दंतेवाड़ा की संगठनात्मक कार्यशैली शिक्षक हितों के प्रति समर्पित प्रयासों एवं प्रभावी गतिविधियों से प्रभावित होकर प्रमोद सिंह भदौरिया व्याख्याता स्वामी आत्मानंद कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुआकोंडा जो वर्तमान में खंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड कुआकोंडा के दायित्व का निर्वहन भी कर रहे हैं, ने गुरुवार को स्वेच्छा से छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन को छोड़कर शालेय शिक्षक संघ की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण के दौरान उन्होंने संगठन के नियमों एवं सिद्धांतों का पालन करते हुए शिक्षक हित, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा संगठन की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने का विश्वास व्यक्त किया। इस अवसर पर शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र एवं प्रांतीय पदाधिकारी शैलेश सिंह एवं कुलदीप सिंह चौहान, पुरुषोत्तम साहू सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा उन्हें सदस्यता ग्रहण करने पर शुभकामनाएँ दीं। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि प्रमोद भदौरिया के संगठन से जुड़ने से शिक्षक हितों के संरक्षण एवं संगठनात्मक गतिविधियों को नई मजबूती मिलेगी। संगठन ने उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की।

## जनहितैषी कार्यों के लिए याद किए जाएंगे चुरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा-हल्बी समाज ग्राम बालेंगा के तत्वावधान में जनपद पंचायत बस्तर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भानुप्रताप सिंह चुरेंद्र के स्थानांतरण के अवसर पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

- सीईओ भानुप्रताप का भावभीनी विदाई हल्बा-हल्बी समाज ने किया सम्मान

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ मां दंतेश्वरी की वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। वक्ताओं ने कहा कि चुरेंद्र ने अपने कार्यकाल में जनहित, विकास कार्यों और प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं संवेदनशीलता के साथ किया। उनके सरल स्वभाव, सहज उपलब्धता और सकारात्मक कार्यशैली ने बस्तर की जनता के बीच उन्हें विशेष सम्मान दिलाया। इस अवसर पर भानु प्रताप सिंह चुरेंद्र का शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। समाज की ओर से उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं नई पदस्थापना जनपद पंचायत नरहरपुर, जिला कांकेर में सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दी गईं।

### ये रहे मौजूद

वसंत गांवरे, डॉ. टीआर रात्रे, अखिल भारतीय कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष केआर रात्रे, सचिव आरएस सूर्यवंशी, पीयूष नायक, अध्यक्ष छेदीलाल बघेल, सचिव अभय नायक, पुरुषोत्तम तारम, परिक्षेत्र भानपुरी के संस्थापक लाल सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार नाग, केंद्रीय प्रतिनिधि जगदीश पटेल सहित समाज के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में सगा समाज के लोग उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांगों पर दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**दंतेवाड़ा।** जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और विकास संबंधी मांगों को गंभीरता से सुना। इस दौरान ग्राम जंगमपाल सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों एवं सरपंच ने आंगनवाड़ी भवन, पुल-पुलिया तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण की मांग रखी। ग्रामीणों की मांगों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत कटेकल्याण को संबंधित स्थलों का शीघ्र निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मांगों का तकनीकी परीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया जाए, ताकि आवश्यकतानुसार प्रस्ताव बनाकर कार्यवाही की जा सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों की व्यवहारिकता का आकलन करें और समयबद्ध रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करें।




## कलेक्टर ने बच्चों की सुविधाओं और व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान ग्राम परचेली के कांडकीपारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र तथा स्कूलपारा मारजूम के मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने

- परचेली और मारजूम के आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

केंद्रों में संचालित गतिविधियों, बच्चों की उपस्थिति, पोषण संबंधी व्यवस्थाओं तथा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया।

कलेक्टर ने इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बच्चों को दिए जाने वाले पूरक पोषण आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण तथा प्रारंभिक शिक्षा संबंधी गतिविधियों की जानकारी लेते हुए पोषण ट्रैकर के संबंध में जानना चाहा। उन्होंने केंद्रों में स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, खेल सामग्री एवं बच्चों के अनुकूल शिक्षण वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए।

मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र स्कूलपारा मारजूम में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने बच्चों को खेल-खेल में गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास की पहली महत्वपूर्ण कड़ी हैं, इसलिए यहां पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी सभी गतिविधियां निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालित होनी चाहिए।

## विद्यालय प्रबंधन समिति एसएमसी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



ग्राम पंचायत घाटलोहंगा स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम विद्यालय घाटलोहंगा में स्कूल प्रबंधन समिति एसएमसी के गठन हेतु बैठक आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य नवीन विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन करना तथा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का चयन करना रहा।

- पदाधिकारियों एवं सदस्यों का किया गया चयन

जिसमें पूर्व सरपंच डमरूधर अध्यक्ष, मन्ना प्रसाद तिवारी और जनपद सदस्य गजेंद्र सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष, सचिव स्कूल के प्राचार्य विजय दास को नियुक्ति किया गया एवं सदस्य में तुलसी राम ठाकुर, सरपंच दीया भद्रे, यमुना तिवारी, बालमती यादव, धरम सिंह गोयल, दिलीप देवांगन, मुनालाल यादव, तुलाराम कश्यप, राकेश ठाकुर, चम्पा बघेल, संतोषी पनिग्राही, रंजीता महापात्र,

चूमन सिंह कश्यप, मंधर नाग, रामधर नाग, सोमन ठाकुर, पतिराम बघेल, देबेन्द्र तिवारी, नरहरी, सीमा नेताम, सीमा कौशिक, नितेश देवांगन, श्याम सुंदर पांडे, जगमोहन बघेल, पुरुषोत्तम बघेल, संतोष बघेल, राजेंद्र नाग, जलधार, शंकर बघेल, जयदेव कश्यप, डमरू सिंह ठाकुर, लखनऊ राम कश्यप, सावन करे एवं भागीरथी बघेल को सदस्य बनाया गया।

पालकों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का चयन किया गया। इस दौरान समिति की भूमिका, जिम्मेदारियों एवं विद्यालय के विकास में एसएमसी की भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण, नवगठित एसएमसी के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### विद्यालय की जर्जर छत व छात्र सुरक्षा पर चर्चा



बैठक का मुख्य विषय विद्यालय भवन की जर्जर छत रहा। छत से प्लास्टर उखड़कर गिरने तथा कई स्थानों पर सरिया दिखाई देने की स्थिति पर सभी ने गहरी चिंता व्यक्त की। समिति ने कहा कि भवन की वर्तमान स्थिति विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। इस संबंध में संबंधित विभाग को शीघ्र मरम्मत लिए प्रस्ताव भेजने तथा आवश्यक कार्रवाई कराने का निर्णय लिया गया। विद्यार्थियों की सुरक्षा, विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं, नियमित साफ-सफाई, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं विद्यालय विकास से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई। उपस्थित सदस्यों ने विद्यालय के समग्र विकास के लिए सामूहिक सहयोग का संकल्प लिया।

## किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन का चुनाव 26 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरन्दुल





चुनाव संचालन कमेटी ने चुनाव संपन्न कराने की जिम्मेदारी 6 सदस्यीय कमेटी को सौंपी है। जिसमें मनीष गुरु, सुरेंद्र नायर, अतुल सिंह, अमरीक सिंह, रवींद्र सोनी और नित्यानंद पांडे शामिल हैं। एसोसिएशन के कार्यालय में आयोजित वार्षिक आमसभा में वर्तमान पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने पर नए गठन को लेकर चर्चा हुई।

संचालन समिति ने जोर दिया है कि सभी पदाधिकारियों का चुनाव सर्वसम्मति से किया जाए परंतु आपसी संबंध नहीं बनने के कारण, किरंदुल कांट्रेक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन केसीडब्ल्यूए की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए वर्ष 2026 के चुनाव की घोषणा कर दी गई। चुनाव अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश सिंह राठौर के अनुसार 26 जुलाई को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक मतदान होगा, जबकि दोपहर 3 बजे से मतगणना शुरू कर उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही संगठन के सदस्यों और ठेकेदारों के बीच चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम के अनुसार 17 जुलाई को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक नामांकन फॉर्म वितरित किए जाएंगे। 18 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। 19 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे, इसके बाद दोपहर 1 से 2 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच (स्क्रूटनी) होगी और दोपहर 2 बजे के बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए नामांकन शुल्क 11 हजार रुपये तथा उपाध्यक्ष, सहसचिव और कार्यालय सचिव पद के लिए 5 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। इच्छुक उम्मीदवार 200 रुपये शुल्क देकर नामांकन फॉर्म तथा 100 रुपये शुल्क देकर मतदाता सूची प्राप्त कर सकेंगे।

चुनाव अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि नामांकन पत्र के साथ नामांकन फॉर्म खरीदने की मूल रसीद और आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। वहीं सभी मतदाताओं से मतदान के दिन एसोसिएशन द्वारा जारी मूल परिचय पत्र साथ लाने की अपील की गई है, ताकि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जा सके।


## 3 मनोनीत पार्षदों ने किया शपथ ग्रहण...



**बस्तर।** नगर पंचायत बस्तर में शासन द्वारा मनोनीत किए गए तीन पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 10 जुलाई को नगर पंचायत कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। एसडीएम गगन शर्मा ने मनोनीत पार्षदों को संविधान के प्रति निष्ठा और पद की गरिमा बनाए रखने की शपथ दिलाई। शासन द्वारा बनमाली यादव, आशा पाटील एवं बसंती पटेल को नगर पंचायत बस्तर का मनोनीत पार्षद नियुक्त किया गया है। शपथ लेने के बाद तीनों पार्षदों ने नगर के विकास एवं जनसेवा के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ सुभाऊ कश्यप विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे, उपाध्यक्ष अनिल परिहार, जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, वरिष्ठ भाजपा नेता रामानंद मिश्रा, परिस बेसरा, कुसुम परिहार, डॉ व्हीएस राजपूत, समीर मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, नगर पंचायत के पार्षदगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी तरुणपाल लहरे द्वारा किया गया।

## संभाग के पहले शॉपिंग मॉल व कॉन्प्लेक्स सिनेमा का शुभारंभ आज

**बिजनेस साइट**




**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के सबसे विशाल मॉल बीएमएस मॉल एवं कॉन्प्लेक्स सिनेमा का शुभारंभ मोतीतालाब पारा में शनिवार 11 जुलाई को होने जा रहा है। इस बहु प्रतीक्षित शॉपिंग मॉल के ओपनिंग का शहरवासी वर्षों से

- केदार कश्यप, किरण देव एवं महेश कश्यप होंगे अतिथि

प्रतीक्षा कर रहे थे। मॉल के संचालक श्याम सोमानी है। उन्होंने बताया कि मॉल में शो रूम के लिए दर्जनों दुकानें है। अत्याधुनिक सीटिंग सुविधा के साथ बस्तर संभाग का पहला कॉन्प्लेक्स सिनेमा यहां आज से चालू हो रहा है जहां ऑडी 1 एंड 2 दो थिएटर मौजूद है। बच्चों एवं युवाओं के लिए विशाल गेम जोन भी इसी परिसर में चालू किया जा रहा है। साथ ही व्यंजनों के शौकीन लोगों के लिए फूड कोर्ट भी यहां मौजूद रहेगा। आगंतुकों के लिए विशाल बेसमेंट पार्किंग की सुविधा रहेगी। शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि मंत्री केदार कश्यप, अति विशिष्ट अतिथि भाजपा अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव, विशिष्ट अतिथि सांसद महेश कश्यप सहित संभाग के सभी विधायक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### सूचना का अधिकार कानून पर विशेष प्रशिक्षण 29 को

जगदलपुर। राज्य सूचना आयोग द्वारा द्वितीय अपीलों की संख्या में वृद्धि के मद्देनजर अब जमीनी स्तर पर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु व्यापक पहल किया जा रहा है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को संघन प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग और ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में बस्तर संभाग के जनसूचना अधिकारियों और मास्टर ट्रेनर्स के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आगामी 29 जुलाई को जगदलपुर में किया जा रहा है। कमिश्नर बस्तर संभाग कार्यालय के सभाकक्ष में 29 जुलाई को सुबह 10 बजे से होने वाले इस प्रशिक्षण में संभाग भर से लगभग 60 प्रतिभागी शामिल होंगे। इस ट्रेनिंग में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, प्रथम अपीलीय अधिकारी, विभिन्न विभागों के जनसूचना अधिकारी और चयनित ग्राम पंचायतों के सचिव हिस्सा लेंगे, ताकि उन्हें ग्राम पंचायत स्तर पर मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया जा सके। कमिश्नर डोमन सिंह द्वारा संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर और जिला एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को उक्त प्रशिक्षण हेतु प्रतिभागियों के नाम तत्काल नामांकित कर भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

### विश्वविद्यालय में विचार गोष्ठी व छात्र समागम आज

जगदलपुर। महान शिक्षाविद् एवं प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शनिवार को एक बजे से विचार गोष्ठी और छात्र सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह एक दिवसीय कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कालीपुर स्थित कैंपस के एमबीए भवन में आयोजित होगी। इस अवसर पर भारत की अखंडता व सांस्कृतिक चेतना के सशक्त प्रहरी पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन दर्शन, राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान और उनके विचारों की वर्तमान प्रासंगिकता पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी एवं विधायक किरण सिंह देव विचार प्रस्तुत करेंगे। उनके उद्बोधन से युवा पीढ़ी और अकादमिक जगत को डॉ. मुखर्जी के आदर्शों को विस्तार से जानने-समझने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव करेंगे। आयोजन के समन्वयक डॉ. सजीवन कुमार ने विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययनशालाओं एवं अन्य महाविद्यालयों के पूर्व व वर्तमान स्टूडेंट्स, अंचल के प्रबुद्धजनों, शिक्षाविदों से इस वैचारिक गोष्ठी व छात्र सम्मेलन में भाग लेने की अपील की है।

### बेटियों को मिलेगी निःशुल्क साइकिलें

जगदलपुर। बस्तर संभाग के शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाली बेटियों की शिक्षा की राह अब और भी सुगम होने जा रही है। शासन की महत्वाकांक्षी निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत संभाग में कक्षा नवमीं की पात्र बालिकाओं को साइकिलों का वितरण शुरू कर दिया गया है, जिससे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों की छात्राओं को बड़ा संबल मिलेगा। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पूरे बस्तर संभाग में 19 हजार 843 पात्र हितग्राही बालिकाओं को इस योजना से लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को स्कूल आने-जाने के लिए सुरक्षित और सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है, जिससे उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित हो सके और बालिका शिक्षा को और अधिक बढ़ावा मिल सके। संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा एचआर सोम ने इस बारे में बताया कि राज्य शासन की महत्वाकांक्षी निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजनान्तर्गत इस शैक्षणिक सत्र में बस्तर जिले से 5248, कोण्डागांव से 5004, कांकेर से 4880, दन्तेवाड़ा से 1303, बीजापुर से 1245, सुकमा से 1178 और नारायणपुर जिले से 985 बालिकाओं को निःशुल्क सायकल वितरण हेतु चिन्हित किया गया है। वर्तमान में वितरण का कार्य बहुत तेजी से किया जा रहा है। अब तक कांकेर में 2135, कोण्डागांव में 922 तथा सुकमा जिले में 107 एवं बस्तर जिले में 32 साइकिलों का वितरण पात्र बालिकाओं को किया जा चुका है और शेष बचे जिलों में भी वितरण की कार्यवाही निरंतर जारी है। उन्होंने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण पारदर्शिता और सुव्यवस्थित तरीके से इन साइकिलों का वितरण सुनिश्चित किया जाए।

# धरती को हरा-भरा बनाने स्कूली बच्चों ने उठाई जिम्मेदारी, रोज बना रहे सीड बॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आज जब जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई, जैव विविधता में कमी और बढ़ते प्रदूषण जैसी चुनौतियां पूरी दुनिया के सामने हैं, तब प्रकृति संरक्षण के लिए छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े परिवर्तन का आधार बन सकते हैं। इसी सोच को साकार करते हुए मिशन लाइफ फॉर इको क्लब के अंतर्गत युवा एवं इको क्लब, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ेमुरमा द्वारा प्रतिदिन सीड बॉल निर्माण एवं बीज रोपण अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रकृति को उसके प्राकृतिक स्वरूप में पुनर्जीवित करने का सामूहिक जनआंदोलन बन चुका है। विद्यालय के छात्र-छात्राएं अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में मिट्टी, गोबर की खाद एवं स्थानीय जैविक सामग्री से सीड बॉल तैयार कर उनमें स्थानीय प्रजातियों के बीज सुरक्षित रखते हैं। वर्षा ऋतु के दौरान इन सीड बॉलों को जंगलों के किनारे, सड़क किनारे, खाली भूमि तथा प्राकृतिक क्षेत्रों में फैलाया जा रहा है, जहां अनुकूल परिस्थितियां मिलने पर ये बीज स्वतः अंकुरित होकर नए पौधों का रूप ले लेते हैं। यदि प्रत्येक विद्यार्थी, शिक्षक और नागरिक वर्ष में कुछ सीड बॉल बनाकर वर्षा ऋतु में प्रकृति को समर्पित करे, तो आने वाले वर्षों में लाखों नए वृक्ष धरती को फिर से हरा-भरा बना सकते हैं। मिशन लाइफ फॉर इको क्लब का यह अभियान केवल पौधे उगाने का प्रयास नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व, जनसहभागिता और सतत विकास की संस्कृति को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है।

## युवा, इको क्लब, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ेमुरमा की प्रेरक पहल

### इको क्लब का योगदान

युवा एवं इको क्लब के सदस्य प्रतिदिन सैकड़ों सीड बॉल तैयार कर रहे हैं तथा उनका प्राकृतिक क्षेत्रों में छिड़काव कर रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत आम, इमली, जामुन, गुलमोहर, तेंदू, हर्रा, बहेरा सहित बस्तर की अनेक स्थानीय एवं उपयोगी प्रजातियों के बीजों का संरक्षण और रोपण किया जा रहा है। विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी, पालक, जनप्रतिनिधि तथा स्थानीय नागरिक भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। सामूहिक प्रयास से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है।




### बस्तर का संकल्प

जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना अधिकारी के मार्गदर्शन में बस्तर जिले के विभिन्न विद्यालयों के इको क्लबों द्वारा एक पेड़ मां के नाम, पौधारोपण, सीड बॉल निर्माण तथा पर्यावरण जागरूकता जैसे अनेक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में युवा एवं इको क्लब सीड बॉल निर्माण और बीज रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह लक्ष्य केवल संख्या नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित और स्वस्थ भविष्य का संकल्प है।

## ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों को बीईओ ने किया औचक निरीक्षण

# लंबे समय से गायब दो शिक्षकों के निलंबन का प्रस्ताव, एक को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जगदलपुर बीईओ ने शुक्रवार को ब्लाक के कई स्कूलों को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दो शिक्षकों के लबें समय से अनुपस्थित रहने का पता लगा जिनके निलबंन के लिए डीईओ को पत्र भेजा गया है। वहीं निरीक्षण के दौरान विलंब से पहुंची शिक्षिका को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

जानकारी के मुताबिक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल दास शुक्रवार को ब्लॉक के दूरस्थ क्षेत्रों में संचालित स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक शाला बुरुंदवाड़ा सेमरा, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला माचकोट, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला और हायर सेकंडरी स्कूल तिरिया, प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला धनपुंजी, माध्यमिक शाला कस्तूरी, प्राथमिक शाला डोंगरीगुड़ा, प्राथमिक और माध्यमिक शाला मारकेल, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला खम्हारगांव और प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला तथा हायर सेकंडरी मंगनपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला बुरुंदवाड़ा सेमरा की शिक्षिका अंजूलता साहू के शाला में विलंब से आने के कारण बीईओ अनिल दास ने उन्हें जमकर फटकार लगाई और कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए समय सीमा पर जवाब प्रस्तुत करने एवं कारण सही नहीं पाए जाने पर कार्रवाई करने की बात कही।





### निलंबन और सेवा समाप्ति की अनुशंसा

प्राथमिक शाला मारकेल के सहायक शिक्षक कृष्ण कुमार नाग लंबे समय से बिना किसी जानकारी के अनुपस्थित पाए गए। जिन्हे तत्काल निलंबित करने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजा गया। वहीं हायर सेकंडरी स्कूल तिरिया में शिक्षक विमल एक्का भी बिना किसी सूचना के लंबे समय से अपने कार्य में लापरवाही बरतते हुए शाला से अनुपस्थित पाए गए। उनकी सेवा समाप्ति के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र भेज कर कार्रवाई की अनुशंसा की गई है।

### नियमों का पालन करने दी हिदायत

विकासखंड शिक्षा अधिकारी अनिल दास ने निरीक्षण के दौरान समस्त कर्मचारियों को समय पर शाला में उपस्थित होने और राज्य सरकार के आदेशानुसार वीएसके एप में उपस्थिति दर्ज कराने और कार्यालय की समय सीमा समाप्त होने के पश्चात ही कार्यालय त्यागने की सख्त हिदायत दी। इसके अलावा स्कूल की साफ सफाई रख रखाव पर विशेष ध्यान देने तथा सरकार से मिलने वाली बच्चों की सभी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए भी कहा गया। किसी भी प्रकार की कोई भी शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित कर्मचारी पर उचित कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई।

# जुआ खेलते 8 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ किरन्दुल

जिला दंतेवाड़ा में अवैध गतिविधियों और जुआ-सट्टा पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत किरन्दुल पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना प्रभारी संजय यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कुंआरी पारा में छापेमारी कर बंद पड़े एक खाली मकान में जुआ खेल रहे 8 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 11400 रुपए नगद और ताश के पत्ते जब्त किए हैं।

- 11400 कैश और 2 बंडल ताश के पत्ते बरामद

9 जुलाई की रात पुलिस को सूचना मिली कि कुंआरी पारा के एक सूने मकान में कुछ लोग अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। थाना प्रभारी संजय यादव ने एक विशेष टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने कुंआरीपारा के उक्त बंद मकान की चारों तरफ से घेराबंदी की। मकान के भीतर दबिश देने पर ताश की फड़ पर दांव लगाते हुए 8 लोगों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में कृष्णा कुमार, बबलू, वरूण विश्वास, जुगेश कुमार, संजय बारसे, श्यामू राम कर्मा, महेश ठाकुर और हिड़िया कड़ती शामिल हैं। पुलिस ने इन जुआरियों के पास और फड़ से कुल 11400 रुपये नगद और 2 बंडल ताश के पत्ते बरामद किए हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 48/2026 दर्ज कर धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की है।

### इनकी रही भूमिका

किरन्दुल क्षेत्र में अवैध धंधों के खिलाफ हुई इस बड़ी कार्रवाई में प्रशिक्षु उप निरीक्षक हेमचंद पटेल, सहायक उप निरीक्षक उत्तम ध्रुव, प्रधान आरक्षक मधुकांत मरकाम सहित आरक्षक प्रीतम ठाकुर, मकसूदन मंडावी, सोना राम ताती, अनिल कर्मा, जोगा कुंजाम और मनोज साहू की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस प्रशासन ने साफ किया है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## भगवान भरोसे मद्देड़ कन्या आश्रम की सुरक्षा

# सालभर बाद भी नहीं बनी सनड्रा आश्रम की दीवार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

बीजापुर जिले के भोपालपटनम विकासखंड अंतर्गत मद्देड़ में संचालित आदर्श कन्या माध्यमिक आश्रम शाला सनड्रा आश्रम शाला की बाउंड्री वॉल वर्ष 2025 के मई-जून माह में गिर गई थी। घटना को एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन आज तक इसकी मरम्मत या पुनर्निर्माण नहीं कराया गया है। इस दौरान पूरा शैक्षणिक सत्र 2025-26 बीत गया और अब नया सत्र 2026-27 भी शुरू हो चुका है। छात्राएं अपने-अपने घरों से आश्रम में शिक्षा प्राप्त करने पहुंच गई हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए आवश्यक बाउंड्री वॉल अब भी अधूरी पड़ी है। आश्रम की अधीक्षिका द्वारा इस संबंध में मंडल संयोजक, नोडल अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को लिखित रूप से सूचना दी जा चुकी है। पिछले एक वर्ष के दौरान निरीक्षण पर पहुंचे अधिकारियों को भी इस समस्या से अवगत कराया गया। हर बार केवल आश्वासन मिला कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब 'आदर्श' नाम से संचालित एक कन्या आश्रम शाला की यह स्थिति है, तो दूरस्थ क्षेत्रों में संचालित अन्य आश्रम एवं छात्रावासों की स्थिति का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। बालिकाओं की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल अत्यंत आवश्यक मानी जाती है। इसके अभाव में आश्रम परिसर खुला पड़ा है, जिससे सुरक्षा संबंधी चिंताएं लगातार बनी हुई हैं।

# नक्सल मामलों में बंद ग्रामीणों की रिहाई की मांग को लेकर सड़क पर उतरे सैकड़ों

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नक्सल मामलों में बंद अपनों की रिहाई के लिए सैकड़ों ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। बीजापुर विधायक विक्रम मण्डावी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय में रैली निकालकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

- विधायक मण्डावी ने निर्दोष आदिवासियों को रिहा करने सरकार से की अपील
- 20 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल का गठन, जल्द होगें राजधानी रवाना

गुरूवार को बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय बीजापुर पहुंचे ग्रामीणों ने नक्सल मामलों में जेलों में बंद निर्दोष आदिवासी ग्रामीणों की रिहाई को लेकर स्थानीय विधायक विक्रम मंडावी से मुलाकात कर जेलों में बंद निर्दोष ग्रामीणों की रिहाई करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। चर्चा के दौरान परिवारजनों ने कहा कि वर्षों से नक्सल मामलों में फंसाए गए उनके निर्दोष परिजन जेलों में बंद हैं वे इस मामले को लेकर प्रदेश के आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, गृह मंत्री विजय शर्मा और विधानसभा में विपक्ष के नेता डॉ चरणदास महंत से मुलाकात करना चाहते हैं। परिवारजनों ने एक 20 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल का गठन भी किया है जो आगामी दिनों में प्रदेश के मुख्यमंत्री, गृह मंत्री और नेता प्रतिपक्ष से मुलाकात कर जेलों में बंद इन निर्दोष आदिवासी ग्रामीणों की रिहाई के लिए प्रयास करेगा। विधायक मण्डावी ने कहा कि बस्तर अब नक्सल मुक्त हो चुका है तो वर्षों से जेल में बंद विचाराधीन ग्रामीणों के मामलों की भी मानवीय आधार पर समीक्षा होनी चाहिए।



### हार्डकोर नक्सलियों की तरह उनके मामले भी समाप्त करें

परिजनों ने अपने मांग पत्र में कहा कि जिस प्रकार हाल के दिनों में कई बड़े-बड़े और हार्डकोर नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं और सरकार ने उनके खिलाफ दर्ज सभी नक्सल मामलों को वापस ले लिया है ठीक उसी तरह निर्दोष आदिवासियों के मामलों को भी समाप्त किया जाए। परिजनों ने बैठक में यह भी कहा कि निर्दोष ग्रामीणों को नक्सलियों की श्रेणी में रखकर वर्षों से जेलों में बंद रखना न्यायोचित नहीं है। बैठक के बाद विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज के अधिकांश लोग कम पढ़े-लिखे होते हैं उन्हें कानून की प्रक्रियाओं और कोर्ट की कार्यवाही की जानकारी नहीं होती। ऐसे में वे आर्थिक तंगी और मानसिक परेशानियों का सामना करते हुए वर्षों तक अदालतों और सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाते रहते हैं। कई परिवार तो इसी वजह से बर्बाद हो चुके हैं। इसलिए ग्रामीणों की मांग के अनुरूप हमारी सरकार से विशेष अपील है कि बस्तर संभाग में जितने भी निर्दोष आदिवासी नक्सल संबंधी मामलों में जेलों में बंद हैं उन्हें रिहा किया जाए। निर्दोष लोगों को जेल में रखना न सिर्फ उनके परिवारों के साथ अन्याय है बल्कि समग्र आदिवासी समाज के साथ भी अन्याय है।

### करेगें सीएम से मुलाकात, कलेक्टर को दिया ज्ञापन

विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर वे स्वयं भी मुख्यमंत्री और गृह मंत्री से मुलाकात करेंगे। बैठक के बाद ग्रामीणों ने निर्दोष आदिवासियों को रिहा करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर बीजापुर को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़यिम, भीमा मडकम, सोनाराम वारसा, वामन कड़ती, सुखराम, सरिता गोटा, कड़ती वेंकट, हेमला लक्ष्मण, सन्नू कुरसम, शैलेश मडकम, सोढ़ी रामलू, कुंजाम लक्ष्मा, मंगली अवलम, मोती कोरसा, रमेश लेकाम, पार्वती वेको, रवीना सोढ़ी और रवींद्र उरसा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## नियमों की अनदेखी पर यातायात पुलिस सख्त

# 3 दिनों में 50 से अधिक वाहनों पर चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। बीते तीन दिन में 50 से अधिक दुपहिया, ऑटो व चारपहिया वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए समन शुल्क वसूल कर उन्हें नियमों का पालन करने समझाईश दी गई।

- यातायात पुलिस ने शहर के मुख्य चौक चौराहों व हाईवे में चलाया जांच अभियान

यातायात प्रभारी निरीक्षक मधुसूदन नाग ने बताया कि यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीते तीन दिन में यातायात नियमों की अवहेलना करते हुए ओवर स्पीड, बिना नम्बर व दस्तावेज के बिना वाहन चलाने वाले 50 से अधिक वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। वहीं वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने समझाईश दी गई।







यातायात निरीक्षक मधुसूदन नाग ने बताया कि एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व डीएसपी टैफिक सतोंष जैन के मार्गदर्शन में शहर के मुख्य चौराहों व हाईवे में यातायात सेक्टर पेट्रोलिंग द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। बिना नम्बर की वाहनों के अलावा कार के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगा कर वाहन चलाने वाले तथा बिना दस्तावेज के वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें समझाईश देकर जागरूक भी किया जा रहा है। डीएसपी संतोष जैन ने बताया कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

